भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1457**

दिनांक 03.05.2016/13 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**रेलपथों के निर्माण हेतु सहायता**

**1457. श्री अशोक महादेवराव नेते :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को महाराष्ट्र सरकार से देश में विशेषकर वाडसा-गढ़चिरोली और नागपुर-नागविर में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रेल पटरियां बिछाने हेतु व्यय में 50 प्रतिशत हिस्सा प्रदान करने के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) सरकार द्वारा अब तक इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क) से (ग) : महाराष्ट्र राज्य सरकार से पूर्व में एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था जिसमें यह प्रस्ताव किया गया था कि गृह मंत्रालय महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वाडसा-गढ़चिरोली नई रेलवे लाइन संबंधी परियोजना की लागत का 50% हिस्सेदारी करे जबकि शेष 25-25 प्रतिशत महाराष्ट्र सरकार और रेल मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाए। नागपुर-नागविर परियोजना के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, गृह मंत्रालय में रेलवे परियोजनाओं की वित्तीय सहायता के संबंध में लागत हिस्सेदारी संबंधी प्रावधान नहीं है।**

------